





## भोपाल गैस कांड के 41 बरस... अभी भी गहरे हैं जख्म

**भोपाल, 30 नवंबर.** 41 बरस पहले 2-3 दिसंबर 1984 की रात को राजधानी भोपाल में यूनियन कार्बाइड से जहरीली गैस मिथाइल आइसो साइनाइड रिसने से हजारों लोगों की मौत हो गई थी. और अभी भी बुजुर्ग, बड़े और बच्चे इस पीड़ा को भुगत रहे हैं. गैस कांड की बरसी पर रविवार को गैस पीड़ित परिवारों ने नीलम पार्क में मोमबत्ती जलाकर दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की. पीड़ित परिवारों की मांग है कि अब ऐसा हादसा कभी न हो.

# सरकारी स्कूल बंद करने की आशंका के खिलाफ प्रदर्शन

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 30 नवंबर. सरकारी स्कूल बंद करने की आशंका के खिलाफ छात्रों और अभिभावकों ने शनिवार को जोरदार प्रदर्शन किया। नीलम पार्क में जुटी भीड़ में वे बच्चे भी शामिल थे, जिन्होंने गांव-गांव जाकर स्कूल बचाने के लिए हस्ताक्षर करवाए.**

नीलम पार्क में हुआ यह प्रदर्शन प्रदेश में सार्वजनिक शिक्षा की हालत पर गंभीर चिंता और जनभावना दोनों को साफ तौर पर सामने लाता है.

35 जिलों से आए प्रतिनिधियों ने एक लाख से ज्यादा हस्ताक्षरों का जनमत संग्रह सौंपकर सरकार की स्कूल विलय नीति पर गंभीर सवाल उठाए. छतरपुर, टीकमगढ़, गुना, राजगढ़, सीहोर, भोपाल, विदिशा, दतिया, अशोकनगर और भिंड जैसे जिलों से समर्थन में अधिक संख्या में लोग शामिल हुए. प्रदर्शन में पहुंचे प्रतिभागियों का कहना है कि कई गांवों में स्कूल बंद मिल रहे हैं और कई स्कूलों की भवन स्थिति बेहद खराब है. आरोप है कि स्कूलों के लगातार बंद होने से पिछले दस वर्षों में लाखों बच्चे पढ़ाई से बाहर हो गए हैं.

मंच से वक्ताओं ने कहा कि 2015-16 में प्रदेश में एक लाख इक्कीस हजार से ज्यादा सरकारी स्कूल थे, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इनमें से लगभग उनतीस हजार स्कूल बंद हो चुके हैं. प्रदर्शन में मौजूद छात्र प्रतिनिधियों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि उन्होंने निजी स्कूलों कोचिंग संस्थानों और हॉस्टलों तक जाकर लोगों से समर्थन मांगा और हर जगह उन्हें सरकारी स्कूल बचाने की मांग के लिए एक स्वर में सहमति मिली.




राजधानी में हस्ताक्षरों वाला जनमत संग्रह सौंपा

> मुख्य वक्ता मुदित भटनागर ने कहा कि स्कूल बंद होने से सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चे होते हैं. उन्होंने शिक्षकों की नियमित भर्ती, जर्जर भवनों की मरम्मत और छात्रों की सुरक्षा को मजबूत करने की गुहार लगाई. प्रदर्शन में शामिल स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के राज्य संयोजक अजीत सिंह पंवार ने कहा कि सार्वजनिक शिक्षा को बचाने के लिए हर जिले हर गांव और हर शहर में संघर्ष समितियों का निर्माण जरूरी है, जिससे कोई भी सरकारी स्कूल बंद न हो पाए. उनका कहना था कि शिक्षा को बचाना ही बच्चों के भविष्य को बचाना है. यह लड़ाई अब प्रदेशभर में गांव गांव तक ले जाई जाएगी.

## 1 करोड़ 35 लाख रुपये की ज्वेलरी बरामद

**भोपाल.** हबीबगंज थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में 1 करोड़ 35 लाख रुपये की ज्वेलरी बरामद की है. पुलिस ने 70 लाख और 65 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया है. 23 नवबंर को फरियादी मनीष ब्यौहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी. फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ वर्तमान में मुंबई में रहते हैं. भोपाल स्थित घर में उन्होंने बुक सेल्फ के बीच में लॉकर भी बनवाया है, जिसमें 15 जुलाई को आभूषण रखे थे. 22 नवबंर को उन्हें घर में चोरी की जानकारी मिली. मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी सोहित नामदेव उर्फ कल्लू से पूछताछ शुरू की. सोहित ने अपने साथियों के साथ चोरी की वारदात को स्वीकार की. पुलिस ने इसके बाद उसके साथियों रवि और राजू सोनी की तलाश करते हुए आरोपियों के पास से चोरी के ज्वेलरी बरामद करते हुए गिरफ्तार किया.

# संगठनों ने मौलाना मदनी के फूंके पुतले

### बयान पर हिन्दू संगठनों ने जताई नाराजगी, किया प्रदर्शन

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 30 नवंबर. मौलाना मदनी के पुतले रोशनपुरा चौराहे पर हिन्दू संगठनों ने फूंकते हुए नाराजगी जाहिर की. रविवार को बजरंग दल और वीएचपी के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मदनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की.**

प्रदर्शन स्थल पर कार्यकर्ताओं ने मौलाना मदनी के पुतले को पीटा. पोस्टर पर मुर्दाबाद लिखकर क्रॉस भी बनाया. प्रदर्शनकारियों ने लिखा कि भारत में रहना होगा तो वंदे मातरम कहना होगा. इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री जीवन शर्मा ने कहा कि मौलाना मदनी द्वारा भोपाल में भारत देश, वंदे मातरम और हिंदू धर्म के खिलाफ दिए बयान के विरोध में बजरंग दल भोपाल विभाग द्वारा अभी तो कम संख्या में सांकेतिक प्रदर्शन किया गया है मौलाना मदनी ध्यान रखे अगर इसी प्रकार वो आकर भोपाल की आवो हवा को खराब करने का प्रयास करता रहा या और कही भी हिंदू समाज को लेकर कोई अपने जिहादी स्वरूप को दिखाते हुए बात कही तो बजरंग दल उग्र आंदोलन करेगा. राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने मदनी के बयानों की कड़ी निंदा करते हुए नाराजगी जाहिर की. बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मदनी के बयान की आलोचना की. बता दें कि मौलना मदनी ने कहा था जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा. उनके इस बयान पर नेताओं ने भी नाराजगी जाहिर की है.



# अवैध शराब तस्करों पर बड़ी कार्रवाई

**भोपाल, 30 नवम्बर. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा विगत दिनों की गई समीक्षा बैठक में जिलों को अत्यधिक सजग और सक्रिय रहने के निर्देश दिए थे.**

उन्होंने पुलिस की उपस्थिति हर स्तर पर महसूस होने, पेट्रोलिंग को पूर्णत: प्रभावी और सतत रखने, निरीक्षण नियमित और गंभीरता से करने के निर्देश दिए थे. इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और विक्रय के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है. पुलिस की निरंतर और सटीक कार्यवाहियों के परिणामस्वरूप राज्य के भोपाल, देवास, मंदसौर, छतरपुर और अनूपपुर जिलों से लगभग 2 करोड़ 87 लाख रुपये से अधिक मूल्य की अवैध शराब, वाहन और अन्य सामग्रियां जब्त की गई हैं.

इसे अंतर्गत भोपाल, देवास, मंदसौर, छतरपुर, अनूपपुर आदि जिलों में कार्रवाई की गई। अवैध शराब के निर्माण, परिवहन या विक्रय में संलिप्त किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

## रातीबड़ पुलिस ने राजस्थान से नाबालिग को तलाशा

**भोपाल.** सिकन्दराबाद निवासी आवेदक अपनी नाबालिग लड़की (16) के गुमशुदा होने की जानकारी दी. पुलिस ने नाबालिग की राजस्थान से खोज की और परिजनों को सौंप दिया. मुख्य आरोपी के साथ लड़की का जीजा भी उसके अपहरण में शामिल था. दोनों ही आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की.

## अड़ीबाज गुंडे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भोपाल.** कोहेफिजा पुलिस ने शाहजहानाबाद के गुंडे राहुल लोहट को अड़ीबाजी के मामले में गिरफ्तार किया. आरोपी के ऊपर पूर्व से एक दर्जन से अधिक गंभीर धाराओं के अपराध के मामले पूर्व से ही दर्ज है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 6 नवंबर को फरियादी सूरज चौधरी निवासी लालघाटी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी. सूरज ने पुलिस को बताया कि बदमाश राहुल हंटर उर्फ राहूल लोहट ने उनसे अडीबाजी करते हुए पैसे की मांग की थी. पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने मारपीट करते हुए अपने पास रखी छुरी से उनके हाथ मे चोट पहुचाई थी.

# ब्राह्मण समाज ने कफन बांधकर निकाली रैली

### एसीपी हबीबगंज से आईएएस वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 30 नवंबर. ब्राह्मण समाज ने सिर पर कफन बांधकर आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ रैली निकालते हुए पुलिस प्रशासन से रविवार को कार्रवाई की मांग की.**

मप्र सवर्ण अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा और ब्राह्मण समाज के लोगों ने एकजुट होकर अपना विरोध भी दर्ज कराया. एसीपी हबीबगंज उमेश तिवारी को मुख्यमंत्री के नाम तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए ब्राह्मण समाज ने जल्द से जल्द वर्मा के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की है. इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा है कि आईएएस वर्मा को बेटियों के खिलाफ अपमानजनक और अमर्यादित टिप्पणी दिए हुए 8 दिन का समय निकल गया है लेकिन, राज्य सरकार ने अभी तक न तो उन्हें बर्खास्त किया है और न ही जेल भेजा है. पांडे ने कहा कि इसके चलते पूरे प्रदेश के सवर्ण समाज, ब्राह्मण समाज और कर्मचारी समाज में असंतोष है.



# सेवा दल ने किया ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 30 नवंबर. अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित किए जाने वाले मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन रविवार को कोलार बैरागढ़ चीचली में सम्पन्न हुआ।**

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठनकर्ता अवनीश भार्गव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सेवा दल के वरिष्ठ पदाधिकारी मोइनुद्दीन सिद्दीकी, विजय जौहरी और उमेश यादव ने भाग लिया। इसके साथ ही भोपाल जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, भोपाल जिला कांग्रेस (ग्रामीण) के अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल, मनजीत मारण, ब्लॉक अध्यक्ष रामराज तिवारी, रघुनाथ चौरे, मुबीना बी, राहुल राय, चंपालाल मीना, चेरियन थॉमस, डॉ. मोहन तिवारी, राजेंद्र त्रिपाठी, जसपाल यादव, दिलीप तिवारी और नदीम शेख भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संगठनात्मक एकता को मजबूत करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने की सामूहिक शपथ के साथ हुआ।



**निर्देश** भारत निर्वाचन आयोग के सचिव ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण

# बीएलओ सभी मतदाताओं की मैपिंग सुनिश्चित करें : विनोद कुमार

**भोपाल, 30 नवंबर. कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में रविवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता भारत निर्वाचन आयोग के सचिव विनोद कुमार ने की.**

बैठक में उन्होंने जिला भोपाल के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चल रहे पुनरीक्षण की विस्तृत प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. कुमार ने बीएलओ से मैदानी स्तर की जानकारी ली और विस्तृत चर्चा कर तय समय में काम पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिए. बैठक में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजय श्रीवास्तव, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश यादव, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह सहित सभी ईआरओ एवं एईआरओ उपस्थित रहे. बिनोद कुमार ने प्रत्येक अनुभाग की स्थिति पर चर्चा की और कार्य में आ रही चुनौतियों को समझते हुए अधिकारियों से कठोरता के साथ जिम्मेदारियाँ निभाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण अत्यंत महत्वपूर्ण दायित्व है और समय-सीमा में हुए परिवर्तन के बाद सभी अधिकारियों के पास पर्याप्त अवसर उपलब्ध है- इसलिए अब लापरवाही का कोई स्थान नहीं.



> सचिव विनोद कुमार ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी घर-घर सत्यापन, फॉर्म वितरण, संग्रहण और डिजिटलीकरण की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा करें तथा सुनिश्चित करें कि विशेष गहन पुनरीक्षण निर्धारित समय-सीमा में प्रभावी रूप से पूर्ण हो. इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को गति देने और मतदाता सूची के शुद्धिकरण को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित करने का सख्त संदेश दिया गया. सचिव बिनोद कुमार ने निरीक्षण के दौरान विधानसभा क्षेत्र 150 भोपाल उत्तर,मतदान केंद्र 25 में बीएलओ सलमा हफिज से चर्चा की एवं प्रगति की जानकारी ली. कुमार ने स्वयं मतदाता यशवंत सिंह से चर्चा कर उनकी जानकारी पोर्टल पर सर्च की.



## डायबिटीज जागरुकता का दिया संदेश

**भोपाल, 30 नवंबर. मधुमेह जागरूकता माह के समापन अवसर पर आयोजित साइक्लोथॉन को सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा द्वारा जयप्रकाश चिकित्सालय परिसर से झंडी दिखाकर रवाना किया.**

एवरी पेडल काउंट्स के संदेश के साथ आयोजित इस साइकिल रैली में डायबिटीज के लक्षण,बचाव एवं उपचार के बारे में प्ले कार्ड, बैनर्स, पोस्टर्स के माध्यम से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वर्ल्ड डायबिटीज फाउंडेशन, रिजॉल्व टू सेव लाइफ,जपाईगो संस्था द्वारा विशेष सहयोग दिया गया. इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि नियमित व्यायाम और शारीरिक श्रम डायबिटीज से बचाव और नियंत्रण में बेहद कारगर है.